भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद् विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001
( ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in )

फा0सं0: 12-4/राजभाषा 1(4)/दुग्ध गंगा-12वां अंक/2022 दिनाँक, 31/08/2022

**अनुस्मारक परिपत्र ( Circular )**

इस कार्यालय के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 30.06.2022 के क्रम में यह सूचित किया जाता है कि संस्थान की गृह पत्रिका "दुग्ध गंगा" के 12वें अंक के दूसरे संस्करण के प्रकाशन हेतु राजभाषा एकक द्वारा वैज्ञानिक एवं अन्य लेख आदि आमंत्रित किए जाते हैं। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के साथ-साथ संस्थान अपनी स्थापना का 100वां वर्ष भी मना रहा है, इसलिए इस वर्ष इस पत्रिका के दो अंक का प्रकाशन किया जाएगा। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, "दुग्ध गंगा" पत्रिका के आगामी संस्करण के लिए प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर, 2022 तक बढ़ाई जा रही है।

उपरोक्त को दृष्टिगत करते हुए संस्थान के सभी प्रभागाध्यक्षों, अनुभागों के प्रभारियों तथा बेंग्लूरू व कल्याणी क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों आदि को 30 सितंबर, 2022 तक अपने वैज्ञानिक आलेख एवं अन्य आलेख आदि की सॉफ्ट कॉपी इस कार्यालय की ईमेल आईडी hindicell.ndri@gmail.com पर प्रेषित करने के साथ-साथ हार्ड कॉपी दस्ती तौर पर भी जमा कराएं। आलेख आदि प्रस्तुत करने की निबंधन एवं शर्तें परिपत्र दिनांक 30.06.2022 के अनुसार ही यथावत् रहेंगे।

यह भी उल्लेखनीय है कि इस कार्यालय को "दुग्ध गंगा" पत्रिका के आगामी संस्करण में प्रकाशन हेतु जिन लेखकों ने पूर्व में अपनी प्रविष्टियां/आलेख जमा की हैं, वे भी एक और प्रविष्टि के रूप में अपना लोकप्रिय आलेख उक्त निर्धारित तिथि तक जमा करा दें ताकि तकनीकी संपादन समिति के द्वारा पत्रिका के आगामी संस्करणों में प्रकाशनार्थ आलेखों को अनंतिम किया जा सके।

धीरज
31/8/22
(धीरज शर्मा)
उप निदेशक (राजभाषा)

<u>वितरण : (सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।)</u>

1.निदेशक के निजी सचिव को निदेशक के सूचनार्थ।

2. सभी प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी, राडेअनुसं, करनाल।

3. अध्यक्ष, दक्षिण क्षेत्रीय केन्द्र, बेंगलूरू तथा पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र, कल्याणी, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल।

4. प्रभारी, कंप्यूटर केन्द्र, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड तथा संस्थान की वेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु।